भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 988
सोमवार, 2 दिसम्बर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

छत्तीसगढ़ में पर्यटन को बढ़ावा

988. श्री भोजराज नागः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) छत्तीसगढ़ राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के लिए स्वीकृत और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या छत्तीसगढ़ राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटन स्थलों के विकास के लिए वर्तमान में कोई विशिष्ट परियोजनाएं या योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) विगत पांच वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य में कितने पर्यटन स्थलों का विकास किया गया है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय संवर्धनात्मक कार्यक्रमों, मेलों और महोत्सवों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों को सहायता आदि सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से एक पर्यटक गंतव्य के रूप में समग्र रूप से भारत का संवर्धन करता है। मंत्रालय अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया के माध्यम से विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का भी प्रचार करता है।

मंत्रालय आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच), राष्ट्रीय स्वदेश दर्शन, तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान मिशन (प्रशाद) और पर्यटन अवसंरचना विकास की योजनाओं के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता की अपनी योजनाओं के तहत पर्यटन के संवर्धन और विकास के लिए छत्तीसगढ़ सहित राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों (यूटी) को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलें शुरू की हैं। मंत्रालय ने देश में स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों और स्थानीय सरकारों के साथ साझेदारी में पर्यटन स्थलों के एकीकृत विकास के लिए एक सुदृढ ढांचा तैयार करने के उद्देश्य से अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 के तौर पर नया रूप दिया है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, जगदलपुर को विकास के लिए चिह्नित किया गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य में डीपीपीएच, स्वदेश दर्शन, प्रशाद, पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता की योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार योजना के तहत आबंटित निधि का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(करोड़ रु. में)

वित्तीय वर्ष	**बजट अनुमान**
2022-23	75.00
2023-24	75.00
2024-25	176.97

*****

अनुबंध

श्री भोजराज नाग द्वारा छत्तीसगढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 02.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 988 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

पिछले पांच वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य में विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

(करोड़ रु. में)

योजना	**वर्ष**	**परियोजना**	**स्वीकृत राशि**	**जारी राशि**
स्वदेश दर्शन	2015-16	जनजातीय पर्यटन परिपथ: जशपुर- कुनकुरी- मैनपाट- कमलेशपुर- महेशपुर- कुर्दर- सरोधादादर- गंगरेल- कोंडागांव- नथियानवागांव- जगदलपुर- चित्रकूट- जनजातीय परिपथ के तहत तीर्थगढ़ का विकास	96.10	94.23
प्रशाद	2020-21	मां बमलेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	48.44	32.13
आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच)	2014-15	मेले और त्योहारों के लिए सीएफए	50.00	50.00
	2018-19	बस्तर दशहरा लोकोस्तव	10.00	10.00
		राजिम कुंभ महोत्सव	10.00	10.00
		भोरामदेव महोत्सव	5.00	5.00
	2019-20	राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव	20.00	20.00

*****